भारत सरकार/Government of India
नागर विमानन महानिदेशालय/Directorate General of Civil Aviation
सफदरजंग एयरपोर्ट के सामने/Opp. Safdarjung Airport
नई दिल्ली/New Delhi-110003

सार्वजनिक नोटिस

फ़ाइल सं. डीजीसीए-19012/3/2025-सीईओ-डीजीसीए दिनांकः 31 अक्टूबर, 2025

विषयः-वर्ष 2025 (दिसंबर) के नियमित सत्र 04 से रेडियो टेलीफोन ऑपरेटर (निर्बंधित) प्रमाण-पत्र और लाइसेंस परीक्षा।

नागर विमानन महानिदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध सार्वाजिनक नोटिस संख्या 1-8/53/94-एल-।।/आरटीआर/परीक्षा दिनांक 27.06.2025 के अनुक्रम में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) सूचित करता है कि रेडियो टेलीफोन ऑपरेटर (निर्बंधित) प्रमाण-पत्र और लाइसेंस परीक्षा 2025 (दिसंबर) के नियमित सत्र 04 से आयोजित की जाएगी।

ऑनलाइन आरटीआर (निर्बंधित) परीक्षा की **वास्तविक तारीखों** की घोषणा **बाद में अलग से** की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन जमा करने के लिए परीक्षा पोर्टल **03.11.2025 से 13.11.2025 तक खुला** रहेगा।

ऑनलाइन आरटीआर (निर्बंधित) परीक्षा निम्नलिखित **क्षेत्रीय केन्द्रों** में आयोजित की जाएगीः-

पूर्वी क्षेत्र	पश्चिमी क्षेत्र	उत्तरी क्षेत्र	दक्षिणी क्षेत्र	बीएलआर केन्द्र
कोलकता	मुम्बई	नई दिल्ली	चेन्नई	बेंगलुरू
गुवाहाटी	भोपाल	लखनऊ	हैदराबाद	कोच्चि
भुवनेश्वर	अहमदाबाद	चंडीगढ़		
पटना	पुणे			

आरटीआर परीक्षा के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को एक कम्प्यूटर संख्या प्राप्त करना अपेक्षित है। कम्प्यूटर संख्या के लिए आवेदन करने/माइग्रेट करने तथा परीक्षा पोर्टल में प्रोफाइल को अद्यतित करने की विस्तृत प्रक्रिया उड़ानकर्मी/एएमई यूजर मेनुअल में **https://pariksha.dgca.gov.in** पर उपलब्ध है।

उक्त परीक्षा में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को परीक्षा पोर्टल (**https://pariksha.dgca.gov.in**) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश नवीनतम अपलोड किए गए एएमई और एफसी यूजर मेनुअल के प्रासंगिक अध्यायों में दिए गए है। आवेदन भरने से पहले उम्मीदवारों को सभी अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लेना चाहिए।

सभी नए उम्मीदवारों जिन्हें कम्प्यूटर संख्या पहले ही प्राप्त हो गई है और उसके बाद के उम्मीदवारों जिन्होनें **https://pariksha.dgca.gov.in** पर सफलतापूर्वक पंजीकरण कर लिया है, और जो इस सत्र में भाग लेने के इच्छुक हैं, उन्हें पोर्टल के बंद होने की तारीख को 2200 बजे तक अपेक्षित शुल्क के साथ आवेदन करना और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

उम्मीदवार आरटीआर (निर्बंधित) दिसंबर 2025 परीक्षा के संबंध में नवीनतम अनुदेशों और सूचना के लिए **https://pariksha.dgca.gov.in** पर नोटिस बोर्ड को नियमित रूप से देखें।

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए उम्मीदवार परीक्षा पोर्टल पर उपलब्ध हेल्पडेस्क ई-मेल के माध्मम से केन्दीय परीक्षा संगठन (सीईओ), नागर विमानन महानिदेशालय से संपर्क कर सकते हैं।

(महानिदेशक, नागर विमानन)

Government of India
DIRECTORATE GENERAL OF CIVIL AVIATION
Opposite Safdarjung Airport, New Delhi – 110003

PUBLIC NOTICE

e-file No. DGCA-19012/3/2025-CEO-DGCA Dated: 31st October 2025

Subject:- Radio Telephone Operator (Restricted) Certificate and Licence Examination from Regular Session 04 of 2025 (December) onwards.

In continuation of Public Notice No.1-8/53/94-L-II/RTR/Exam dated 27.06.2025, available on DGCA website. Directorate General of Civil Aviation (DGCA) is pleased to announce that Radio Telephone Operator (Restricted) Certificate and Licence Examination will be conducted from Regular Session 04 of 2025 (December) onwards.

The **exact dates** of the Online RTR (Restricted) Examination will be announced **separately at later stage**. The Examination/Pariksha Portal for submission of applications **will remain open from 03.11.2025 to 13.11.2025** for aspiring candidates**.**

The Online RTR (Restricted) Examination will be conducted at the following **regional centres**:

Eastern Region	Western Region	Northern Region	Southern Region	BLR Centre
Kolkata	Mumbai	New Delhi	Chennai	Bengaluru
Guwahati	Bhopal	Lucknow	Hyderabad	Kochi
Bhubaneswar	Ahmedabad	Chandigarh		
Patna	Pune			

The Candidates desirous of appearing for RTR Examination are required to obtain a Computer Number. The detailed procedure for applying/migrating for a computer number and updating the profile in the Pariksha Portal is available in the Flight Crew/AME User Manual on https://pariksha.dgca.gov.in.

Candidates intending to appear in the above-said examination must submit their online applications through Pariksha Portal (https://pariksha.dgca.gov.in). The detailed guidelines for submission of the online application are available in the relevant chapters of the latest uploaded AME and FC User Manual. Candidates must carefully read all instructions before filling out the application.

All NEW candidates who have already received their computer number and OLD candidates who have successfully registered at https://pariksha.dgca.gov.in, and are desirous to appear in this session, must apply and submit their application online, along with the requisite fee by 2200 hrs on the closing date of the portal.

The candidates are advised to regularly check Notice Boards on https://pariksha.dgca.gov.in for the latest instructions and notices regarding RTR (Restricted) December 2025 Examination.

For any queries, candidates may contact the Central Examination Organisation (CEO), DGCA through the Helpdesk email provided on the Pariksha Portal.

(Director General of Civil Aviation)